Bihar Administrative Service Association

North of Income Tax Golamber, Nehru Marg, Patna-800001

(Registration No-663/2003)

Website: basabihar.com, E-mail Id: infobasa1@gmail.com

Shashank Shekhar Sinha
President
Mob. No.- 9334118192

Anil Kumar
General Secretary
Mob. No.- 9431409463

सत्यमेव जयते

Vice President
Md. Moeezuddin
9304951990

Ajay Kumar
9835737317

Joint Secretary
Subodh Kumar
7979919465

Gopal Sharan
8210342042

Treasurer
Sunil Kumar Tiwary
9431085120

Joint Treasurer
Mona Jha
9430881025

Memo No 89 Date 8.9.20

सेवा में,

सभी सदस्य/पद धारक,
केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति, सभी प्रकोष्ठ,
बिहार एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस एसोसिएशन, बिहार, पटना।

विषयः– बैठक में भाग लेने के संबंध में।

महाशय,

बिहार एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस एसोसिएशन की केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक दिनांक–27.09.20 को 11:00 बजे पूर्वा० बासा भवन, आयकर गोलम्बर, पटना स्थित कार्यालय कक्ष में आहूत की गयी है। उक्त बैठक में बासा के केन्द्रीय कार्यकारिणी एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के सदस्य के अतिरिक्त कोई भी इच्छुक बासा के सदस्य भाग लेने के लिए आमंत्रित हैं। बैठक में कोविड–19 के आलोक में सोशल डिस्टेंसिंग के मानकों का अनुपालन करना बाध्यकारी है।

अनुरोध है कि उक्त बैठक में सभी आमंत्रित सदस्य ससमय भाग लेने की कृपा करना चाहेंगे।

कार्यसुचीः–

1. केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति द्वारा 22.04.20 को लिए गये निर्णय की सम्पुष्टि।
2. दिनांक–01.02.20 से 31.03.20 एवं 01.04.20 से 31.08.20 तक बासा के आय–व्यय ब्यौरा का अनुमोदन।
3. वित्तीय वर्ष 2019–20 के आय–व्यय का वार्षिक अंकेक्षण प्रतिवेदन पर चर्चा।
4. बासा की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ करने के आलोक में ECS के माध्यम से सदस्यता एवं कल्याण शुल्क जमा कराए जाने के अभियान की समीक्षा।
5. बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों की निम्न समस्याओं, जिसके लिए सरकार को ज्ञापन दिया गया था, की अद्यतन स्थित पर चर्चा;
   i. अपर अनुमण्डल पदाधिकारी का पद समाप्त करने के संबंध में।
   ii. बिहार प्रशासनिक सेवा के मूल कोटि के पद पर नियुक्त पदाधिकारियों को पे–मैट्रिक्स स्तर–11 अनुमान्य किये जाने के संबंध में।

iii. विभिन्न जिला पदाधिकारियों द्वारा समाहरणालय में बिहार प्रशासनिक सेवा संवर्ग के चिन्हित पदों पर गैर संवर्गीय पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति किये जाने के प्रचलन पर रोक लगाने के संबंध में।

iv. बासा पदाधिकारियों की प्रोन्नति पर सरकार द्वारा एकतरफा रोक के निर्णय पर अद्यतन स्थित।

v. बिहार कारा सेवा के अनुरूप बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को भी 01.01. 1996 के प्रभाव से 6500–10500 का वेतनमान 8000–13500 स्वीकृत करने के संबंध में।

vi. बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों के पदस्थापन में विसंगतियों के संबंध में।

vii. बिहार प्रशासनिक सेवा संवर्ग नियमावली 1996 में संशोधन प्रस्ताव।

viii. प्रोन्नति के आधार पर भारतीय प्रशासनिक सेवा में बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों की लंबित नियुक्ति के संबंध में।

ix. दिनांक 01.09.2005 के पूर्व नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन के आधार पर नियुक्त बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को पुराने पेंशन योजना से आच्छादित किये जाने के संबंध में।

x. NON SCS सम्वर्ग के पदाधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा में नियुक्ति पर रोक लगाने के संबंध में।

xi. छोटे–छोटे मामलों में बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारंभ करने पर अविलंब रोक लगाने के संबंध में।

xii. अनिश्चितकालीन विभागीय कार्यवाही की प्रक्रिया को कालबद्ध समय में निष्पादित किये जाने के संबंध में।

xiii. निलंबित पदाधिकारियों का मुख्यालय निलंबित पदाधिकारियों से प्राप्त विकल्प के आधार पर निर्धारित करने के संबंध में।

xiv. निलंबित पदाधिकारियों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही पर अनिश्चित अवधि से निर्णय लंबित रहने अथवा कालबाधित होने के आधार पर निलंबन वापस लेने एवं पदस्थापन किये जाने के सबंध में।

xv. बिहार प्रशासनिक न्यायाधिकरण के गठन का अद्यत्तन प्रगति के संबंध में।

xvi. बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों के सेवाकालीन प्रशिक्षण के संबंध में।

विश्वासभाजन
8/9/20

(अनिल कुमार)

विश्वासभाजन
8/9/2020

(शंशाक शेखर सिन्हा)